# विषय : सामाजिक विज्ञान Set-B

नोटः सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) साम्राज्यवादी शक्तियों के विरुद्ध बॉक्सर विद्रोह कहाँ हुआ था ?

(अ) भारत (ब) जापान

(स) चीन (द) अमेरिका।

(ii) सलवा जुडुम संबंधित है–

(अ) आंतकवादी आंदोलन से

(ब) नक्सलवाद से

(स) स्त्रियों से

(द) बच्चों से।

(iii) निम्न में से किसके हेतु मूल्य वृद्धि नियंत्रित करने का उपाय नहीं है–

(अ) उत्पादन में वृद्धि (ब) ब्याज दर में कमी

(स) राशनिंग (द) शिक्षा का प्रसार।

(iv) निम्न में से कौन एक आर्थिक समस्या नहीं है ?

(अ) मूल्य वृद्धि (ब) पर्दा प्रथा

(स) काला बाजारी (द) तस्करी।

(v) निम्न में से कौन जनसंख्या-विस्फोट का परिणाम नहीं है ?

(अ) रोजगार की समस्या (ब) एड्स का फैलना

(स) खाद्यान्न की समस्या (द) कृषि पर दबाव।

**(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) जनसंख्या वृद्धि को रोकने वाला कार्यक्रम ............ कहा जाता है।

(ii) यूनेस्को का प्रधान कार्यालय ........... में स्थित है।

(iii) चाणक्य ने .............. की रचना की।

(iv) स्थानीय निकायों में महिलाओं को ........... प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।

(v) कुटीर उद्योगों में उत्पादित सामान .......... बाजार में बेचा जाता है।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)

2. 'उपभोक्ता की बचत' को परिभाषित कीजिए।
3. प्रथम विश्व युद्ध में शामिल देशों के नाम लिखिए।
4. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य कार्यालय कहाँ स्थित है ?
5. कनिष्क किस वंश का सम्राट था और उसने किस धर्म को अपनाया था ?
6. 'प्रथम सूचना रिपोर्ट' क्या है ?
7. श्रम-विभाजन से क्या आशय है ?
8. छत्तीसगढ़ अंचल के किन्हीं चार वाद्य यंत्रों का उल्लेख कीजिए।
9. भारत में प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है ?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।(उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द)

10. संयुक्त राष्ट्र संघ के तीन सिद्धांतों को लिखिए।
11. भारतीय संस्कृति की किन्हीं तीन विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
12. जिला पंचायत के किन्हीं तीन कार्यों का उल्लेख कीजिए।
13. उपभोक्ता की बचत की किन्हीं तीन कठिनाइयों पर प्रकाश डालिए।
14. जनसंख्या-विस्फोट के किन्हीं तीन दुष्परिणामों पर प्रकाश डालिए।
15. श्रम-विभाजन से समाज को होने वाले किन्हीं तीन लाभों को लिखिए।

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द)

16. नाजीवाद एवं फासीवाद में अंतर लिखिए।

**अथवा**

फ़ासीवाद के किन्हीं चार लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

17. संयुक्त राष्ट्र संघ के किन्हीं चार प्रमुख उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किए गए शांति प्रयासों में भारत की भूमिका पर किन्हीं चार बिन्दुओं में प्रकाश डालिए।

18. महिला सशक्तिकरण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित किन्हीं चार योजनाओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

दहेज प्रथा को दूर करने के किन्हीं चार उपायों का उल्लेख कीजिए।

19. भारत में बेरोजगारी के किन्हीं चार कारणों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

भारत में गरीबी के चार प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए?

20. a2zsubjects.com [illegible] में कोई चार अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

वन्य जीवों के संरक्षण के लिए किए गए उपायों का उल्लेख कीजिए।

21. "आधुनिक कृषि औद्योगिकीकरण की देन है।" कथन की पुष्टि में तर्क दीजिए।

**अथवा**

निर्माण उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिए?

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द)

22. प्रथम विश्व युद्ध के कारणों पर प्रकाश डालिए। (कोई पाँच)

**अथवा**

औद्योगिक क्रांति से विश्व को क्या लाभ हुआ (कोई पाँच)?

23. संसद, मंत्रिपरिषद् पर कैसे नियंत्रण रखती है? समझाइए।

**अथवा**

"लोकसभा (निम्न सदन) राज्यसभा (उच्च सदन) से अधिक शक्तिशाली है।" समझाइए।

24. तापीय विद्युत् और जल-विद्युत् में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

"छत्तीसगढ़ खनिज सम्पदा-सम्पन्न राज्य है।" कथन की पुष्टि में तर्क दीजिए।

25. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए—

(i) गोदावरी नदी (ii) मन्नार की खाड़ी

(iii) शिवालिक श्रेणी (iv) बैलाडीला

(v) रानीगंज

**अथवा**

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए—

(i) तांबा उत्पादन क्षेत्र (ii) चिल्का झील

(iii) कोलकाता (iv) नर्मदा नदी

(v) मैकाल पर्वत

**निर्देश :** प्रश्न क्रमांक 26 से 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द)

26. द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों को छः बिन्दुओं में उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

जर्मनी में नाजीवाद के उदय के क्या कारण थे? छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

27. मृदा अपरदन को दूर करने के किन्हीं छः उपायों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

वनों के संरक्षण हेतु कौन-कौन से उपाय आवश्यक हैं? छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।